






## एक नजर में

### प्रथम कार्यालयीन दिवस पर हुआ वन्दे मातरम एवं राष्ट्रगान



**बुरहानपुर।** सितम्बर माह के प्रथम कार्यालयीन दिवस पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वन्दे मातरम एवं राष्ट्रगान जन.गण.मन का गायन किया गया। सामूहिक गायन के पश्चात् कार्यालयीन कार्य प्रारंभ हुए। विदित है कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम कार्यालयीन दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया जाता है।

### श्री गोकुलचंद्रमांजी हवेली में 4 सितंबर को जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा

**बुरहानपुर।** श्री गोकुलचन्द्रमांजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष हेमेंद्र गोविन्दजीवाला ने बताया कि प्रभु श्री गोकुलचंद्रमांजी की कृपा एवं 108 श्री मिलन बाबाश्री के आशीर्वाद से श्री गोकुलचंद्रमांजी हवेली में शुक्रवार दिनांक 4 सितंबर को जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मनोरथ कार्यक्रम इस प्रंकार रहेगा। प्रात: काल 8.15 बजे श्री गोकुलचंद्रमांजी की मंगला आरती के पश्चात , 8.30 बजे प्रभु श्री गोकुलचंद्रमांजी के पंचामृत स्नान के दर्शन होगे । प्रात 10.15 बजे प्रभु की तिलक आरती एवं नंद महोत्सव की बधाई दी जाएगी । सायंकाल 6.00 बजे से 7.30 बजे तक प्रभु के बधाई कीर्तन होगे। रात्रि में 11.00 बजे ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्र का पाठ, ठीक 12.00 मटकी फोड़ कार्यक्रम एवं प्रभु का जन्म के दर्शन होगे । दिनांक 5 सितंबर शनिवार को प्रात 9.00 बजे से 10.30 बजे तक प्रभु का नंद महोत्सव कार्यक्रम रहेगा।

### यूसीसी के खिलाफ एआईएमआईएम का प्रदर्शन




**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में मंगलवार को एआईएमआईएम ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए गए युसीसी का विरोध किया। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहसिन अली खान ने मोहन सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की। मोहसिन अली खान ने यह बात मंगलवार दोपहर 12.30 बजे सिंधी बस्ती स्थित हुसैनी मैरिज हॉल के बाहर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 25,26 और 29 का उल्लंघन करता है, जो देश के नागरिकों को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता देता है। खान ने जोर देकर कहा कि मुसलमान 1447 वर्षों से जिस मजहब का पालन करते आ रहे हैं, उसे संविधान ने 26 जनवरी 1950 को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है। उन्होंने यूसीसी कानून को मौलिक अधिकारों के विरुद्ध बताया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में एआईएमआईएम के कार्यकर्ता और पदाधिकारी यूसीसी विरोधी तख्तियां लिए नारेबाजी करते दिखे। शुरुआत में कार्यकर्ताओं को सिंधी बस्ती मैरिज हॉल के पास प्रदर्शन और कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालने की अनुमति नहीं थी। सीएसपी विनोद सिंह कुशवाह ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को समझाया। इसके बाद पार्टी ने विधिवत अनुमति ली। अनुमति मिलने के बाद कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

### कलेक्टर ने तहसीलदारों को रास्ता विवाद के प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए



**बुरहानपुर।** मंगलवार को कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने नागरिकों से संवाद करते हुए संबंधित अधिकारियों को समीप बुलाकर प्रकरणों पर चर्चा की तथा उचित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिलेभर से आए आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने रास्ता विवाद से संबंधित आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तहसीलदारों को तत्काल मौके पर निरीक्षण कर नियमानुसार उचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्वए नगर निगमए पंचायतए शिक्षाए विद्युतए पुलिसए स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान विभागीय अधिकारी सभाकक्ष में उपस्थित रहेए वहीं विकासखंड स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई में जुड़े। जनसुनवाई के दौरान करीबन 69 आवेदनों पर सुनवाई की गयी।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सातपायरी में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ



**नेपानगर।** सातपायरी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मंगलवार को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। दरअसल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसके तहत विद्यालय में 1 से 15 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिंदी के अध्ययन, प्रयोग,संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की हिंदी भाषा संबंधी समझ,शब्द-भंडार,अभिव्यक्ति कौशल, रचनात्मकता, साहित्यिक रुचि को विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा हिंदी भाषा वृक्ष, विषय पर आकर्षक नाटिका प्रस्तुत की गई। नाटिका के माध्यम से हिंदी भाषा के विकास, हिंदी की विभिन्न बोलियों और भाषाई विविधताओं को रोचक,प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं,बल्कि हमारी समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत की संवाहक भाषा है।

# सागफाटा में सरकारी राशन डकारने के मामले में जांच, सेल्समैन को हटाने के निर्देश

### . एसडीएम . खाद्य विभाग ने जांच की, जांच में सामने आई कई गड़बड़ी



**नवभारत न्यूज़, बुरहानपुर / नेपानगर।** सागफाटा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में अनियमितताओं को लेकर प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। एसडीएम सृजन श्रीवास्तव, तहसीलदार जगन्नाथ वास्कले सहित अन्य अधिकारियों ने ने सोमवार को उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और स्टॉक की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दुकान पर स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया। वहीं ऑनलाइन दर्ज आंकड़ों और मौके पर उपलब्ध सामग्री की जांच में गेहूं, चावल और शकर की मात्रा कम, जबकि नमक की मात्रा अधिक पाई गई। स्टॉक में अंतर सामने आने के बाद अधिकारियों ने मामले की जानकारी दर्ज की। जांच के दौरान तहसीलदार नेपानगर जगन्नाथ वास्कले और जूनियर फूड ऑफिसर गिरीश नागपुरे भी मौजूद रहे। एसडीएम के निर्देश पर फूड ऑफिसर गिरीश नागपुरे ने ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा तैयार किया।

निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर अधिकारियों ने दुकान संचालक को फटकार लगाते हुए कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और रिकॉर्ड दुरुस्त रखने को कहा। साथ ही समिति प्रबंधक से कहा गया कि वह सेल्समैन को हटाए।

उचित मूल्य दुकान पर लगातार सामने आ रही शिकायतों के बाद प्रशासन द्वारा किए गए औचक निरीक्षण से स्पष्ट है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी शिकायतों और अनियमितताओं पर अब निगरानी बढ़ाई जा रही है। निरीक्षण में सामने आए स्टॉक अंतर और अन्य कमियों के आधार पर आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों पर निर्भर रहेगी।

**ग्रामीणों ने राशन नहीं मिलने की शिकयत की थी:-** रविवार को सागफटा के ग्रामीणों ने राशन नहीं मिलने की शिकायत की थी। इसके बाद अफसरों ने मामला संज्ञान में लिया। जूनियर फूड ऑफिसर को जांच के लिए भेजकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए। ग्रामीणों ने बताया कि सेल्समैन पर्ची काटता हैए लेकिन अनाज नहीं देता। जांच में पता चला कि गरीब परिवारों के राशन की अफरा तफरी की गई है। मौके पर स्टॉक नहीं मिला। इस पर एसडीएम ने नाराजी जताई।

**सेल्समैन पर कार्रवाई**

. एसडीएम ने सेल्समैन पर कार्रवाई के लिए समिति प्रबंधक को निर्देशित किया है। मौके पर स्टाक नहीं पाया गया जबकि नमक अधिक था। जांच के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

**जगन वास्कले, तहसीलदार नेपा**

## गंगाजल से धोने का कृत्य और राहुल गांधी पर एफआईआर का विरोध : देवेश्वर सिंह

### यूथ कांग्रेस बुरहानपुर का सत्याग्रह





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** यूथ कांग्रेस बुरहानपुर विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर देवेश्वर सिंह के नेतृत्व में हल्द्वानी में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की जनसभा के पश्चात सभा स्थल को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गंगाजल से धोने का कृत्य शुद्धीकरण कराने वालों के खिलाफ एफ़आईआर ना करके राहुल गांधी जी पर एफआईआर दर्ज कराना बीजेपी के दलित विरोधी चेहरे को दिखाता प्रदर्शित करता है।

इसी दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफ यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बुरहानपुर द्वारा दिनांक 1 सितंबर 2026 दोपहर 2 बजे स्थित डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सत्याग्रह किया भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफप्रदर्शन किया।

दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफआवाज बुलंद करें , इस मौके पर सोहराब क़ुरशी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सरिता भगत, पार्षद हाफ़िज़ मंसूरी, शहीद बंदा, जिलाध्यक्ष इंटक कांग्रेस सुखलाल महाजन,डॉ इमरान शेख,वाजिद भाई, दानिश क़ुरशी, फैज़ पठान, फ़रदीन लाला, फैज़ान खान, कुणाल पवार,अनुप पहलवान, शाहिद खान, राहुल महाजन, रफीक मंसूरी, मुरली सन्यास,स्वप्निल मुहासे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिव धाम कावड़ यात्रा निकली



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्रावण मास में शिव स्नानए अभिषेक का अपना अलग महत्व रहता है। इसी कड़ी में शिव भक्त .भक्तन कावड़ लेकर पवित्र नदियों के घाट पर जल एकत्रित कर शिव धाम पहुंचते है। सोमवार को मराठी भाषीयो का तीसरा श्रावण के मौके पर शिव भक्त ताप्ती का जल लेकर कावड़ यात्रा के रूप में निकले जिसमें महिला पुरुष युवा एवं बच्चे शामिल रहे। लालबाग चौराहे का भ्रमण कर शिव धाम कोरोनेशन बाजार पहुंचने पर अभिषेक कर विधि विधान से पूजन कर शहर के प्रगति की कामना कर जलाभिषेक किया।

## सेवा निवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी का किया स्वागत सम्मान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कृषि विस्तार अधिकारी संजय शर्मा को अपनी शासकीय सेवा से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवा निवृत्त हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि कल्याण विभाग के उपसंचालक मनोहरसिंह देवके, अतिथि सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पी.एन. तिवारी, पेशनर महासंघ के संरक्षक, गुजरात, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्य के प्रभारी डॉ. विष्णुप्रसाद वर्मा, हेमंत शर्मा, दीपचंद सोनी, श्रीमती संजय शर्मा रहे। कार्यक्रम में बुरहानपुर जिला अध्यक्ष देवीदास विश्वकर्मा, संभागीय सचिव राजेश प्रसाद मिश्रा, सुनिल वाणी ने भी अतिथियों, मातृशक्ति का तिलक लगाकर स्वागत अभिवादन सत्कार किया, कार्यकारी अध्यक्ष प्रभाकर चौधरी, केशव प्रजापति, प्रकाश वाघ, महेन्द्र पटेल, अनिल पटेल संतोष देवकर ने संघ के गीत ''मानवता के लिय उषा की किरण जगाने वाले हम, शोषित पीडित वंचित जन का भाग्य बनाने वाले हम'' गीत से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। तरूण लाड, रामू निंभोरे, सुरेश पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष म.प्र. राज्य कर्मचारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी उपस्थित अतिथियों का परिचय दिया । भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष अंकित वैद्य, म.प्र. राज्य कर्म. संघ जिला अध्यक्ष, सुनिता कनाडे महाजन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुश्री निशा प्रसाद, शांताराम निंभोरे, भुपेन्द्र भावसार आसिफपिंजारी, सचिव कैलाश राठौर बडी संख्या में सदस्य उपस्थित रहें। आभार प्रदर्शन पेंशनर महासंघ के कार्याकारी अध्यक्ष प्रभारकर चौधरी ने किया।

## केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है . डॉ . मनोज माने

### सेवा संकल्प अभियान को लेकर सातों मोर्चों की बैठक आयोजित




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर भाजपा कार्यालय पर सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 18 अक्टूबर 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने एवं सफल आयोजन हेतु भाजपा के सभी सातों मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 18 अक्टूबर 2026 को लेकर होने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत जन-जन तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहितेषी योजनाओं को पहुचाया जाकर उनसे उन्हे लाभान्वित किया जाए। आपने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जी यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से आगे बड रहा है,उसी का प्रमाण है कि भारत विकसीत भारत की और अपना कदम बडाते हुवे आज भारत की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत होकर विश्व की सबसे तेजी से बडती अर्थव्यवस्था बन गई है। यह भाजपा सरकार की नितियों और उसकी योजनाओं का परिणाम है।

इस बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन एवं आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा. निर्देश दिए गए।

उपरोक्त जानकारी देते हुवे भाजपा जिला मिडिया प्रभारी मुकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि इस बैठक में जिला महामंत्री सर्वश्री चिंतामन महाजन,ईश्वर चौहान ,संजय जाधव ,जिला मंत्री श्री सुनील वाघे , जिला कार्यालय मंत्री श्री करण प्रजापति, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री बत्रा ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष चौहान ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू पाटिल ,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भरत रावल ,युवा मोर्चा महामंत्री अमित वारूडे , जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मारको , भाजपा कोषाध्यक्ष। कैलाश पारिक , किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल जाधव ,आईटी सेल जिला संयोजक आनंद यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं मार्ग व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### गणेश उत्सव को लेकर पुलिस ने आयोजकों की ली बैठक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्णए सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी गणपतीनाका द्वारा थाना परिसर में गणेश उत्सव आयोजकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश प्रतिमा स्थापना एवं पंडाल आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर आयोजकों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

**बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश:-** गणेश उत्सव के दौरान कानून.व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आयोजकों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। गणेश पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त स्वयंसेवक तैनात करने की समझाइश दी गई। आयोजकों को गणेश प्रतिमा स्थापना एवं पंडाल लगाने से पूर्व विधिवत अनुमति प्राप्त करने तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। पंडाल में आवागमन के लिए पर्याप्त स्थानए आपातकालीन निकासी मार्ग तथा आने.जाने के रास्ते खुले रखने के निर्देश दिए गए।

पंडालों में विद्युत व्यवस्था सुरक्षित रखनेए खुले तारों एवं असुरक्षित विद्युत कनेक्शन से बचने तथा आगजनी की स्थिति में सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम रखने की समझाइश दी गई। गणेश पंडालों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के संबंध में आयोजकों को जागरूक किया गया। आयोजकों से गणेश प्रतिमा स्थापना, विसर्जन एवं कार्यक्रमों के दौरान मार्ग व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। जुलूस एवं विसर्जन के दौरान निर्धारित मार्ग का पालन करने तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## जिले में कजरी तीज का उत्सव धूमधाम से मनाया



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** रविवार के दिन बुरहानपुर जिले में कजरी तीज का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिलाओ ने व्रत रखकर तीज माता का पूजन किया। कजरी तीज प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथी को मनायी जाती है। यह त्यौहार अधिकतर सुहागिन महिलाओ द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए रखा जाता है। महिलाएं सोलह श्रंगार कर तीज माता की पूजा.अर्चना करती है। बुरहानपुर जिले में भी यह त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के अनेक समाजो जैसे मारवाडी समाज, माहेश्वरी समाज आदि समाज की महिलाओ ने इस त्यौहार को मनाया। माहेश्वरी समाज की महिलाओ में शनवारा ग्रुप द्वारा धूमधाम से तीज मनायी गयी। व्रत रखकर तीज माता का पूजन किया गया।

**एक नजर** — सेवा का संकल्प लेकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प दोहराया

## प्रथम वर्षगांठ पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं कार्यशाला का आयोजन





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अपना चैंबर्स में संचालित मुस्कान डेंटल क्लिनिक की संचालक दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.निमिषा कक्कड़ लाड तथा कक्कड़ एंड छाबड़िया एसोसिएट्स के युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ एवं राहुल छाबड़िया द्वारा अपने व्यवसाय की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण,दवा वितरण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान 102 मरीजों का निशुल्क परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ.निमिषा कक्कड़ लाड ने कहा कि समाज की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया । उल्लेखनीय है कि डॉ.निमिषा कक्कड़ लाड द्वारा पूर्व में भी विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क दंत परामर्शए चिकित्सा परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं ।

इसी प्रकार युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ एवं राहुल छाबड़िया,जो भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के पंजीकृत रिसर्च एनालिस्ट हैं, द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत वित्तीय जागरूकता को लेकर विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित निवेश, सुरक्षित भविष्य विषय पर महत्वपूर्ण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया । उन्होंने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा पहली बार आयोजित एसेट एंड सक्सेस प्लानिंग परीक्षा में दोनों ने प्रथम प्रयास में ही प्रथम श्रेणी प्राप्त कर सफलता हासिल की। इसके साथ ही बुरहानपुर जिले के खामनी, शाहपुर,इच्छापुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित निवेशए वित्तीय नियोजन एवं बेहतर भविष्य के लिए जागरूक किया गया। बुरहानपुर शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के लिए वित्तीय जागरूकता संबंधी कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें लाभान्वित किया गया ।

अपना चैंबर्स में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत बुरहानपुर के उपाध्यक्ष गजानन महाजन, मध्यप्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय सिंह रघुवंशी,प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व लायंस गवर्नर डॉ.आई.एल.मूंदड़ा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.दिव्येश लाड, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ.मोहनीश गुप्ता, पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ.कलीम अंसारी, स्त्री रोग चिकित्सक डॉ.रफ्त अंसारी, डॉ. रेहान बेग, डॉ.दर्शन मोरे, डॉ.पराग मोरे,डॉ.पूजा शुक्ला सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे ।

इसके अलावा जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज अगनानी,अपना कमर्शियल क्रेडिट कॉरपोरेट सोसायटी अध्यक्ष शरद मोरे,उपाध्यक्ष संजय महाजन, शरद जैन,डॉ.नरेंद्र राजपूत, समाधान चौधरी, वीसा लाड समाज अध्यक्ष अतुल लाड, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र लाड, राजेंद्र छाबड़िया, अजय शाह, प्रदीप श्रॉफ जियाउल हक अंसारी, पार्षद आशीष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रदीप राजे, लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. एस. एम.तारिक, पूर्व नगर निगम डिप्टी कमिश्नर रमेश शुक्ला, जनजागृति संस्था पदाधिकारी सुनील सलूजा एवं विवेक हकीम मौजूद रहे।

कार्यक्रम में ताप्ती सेवा समिति अध्यक्ष सरिता राजेश भगत, धर्मेंद्र सोनी, अताउल्लाह खान, वनिता विहार संस्था अध्यक्ष माधुरीनंदन कुलकर्णी,मंसूर सेवक, विजय राठौर, रेडक्रॉस सोसायटी संचालक राजेश जैन, व्यवसायी अशोक शर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान सुखवानी, समाजसेवी नरेश सुखवानी एवं रवि सुखवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । कार्यक्रम के माध्यम से आयोजकों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया ।